ई-मेल

पत्र संख्या-जी0/बी0टी0-30-41/2021 5114/जे0

बिहार सरकार

विधि विभाग

प्रेषक,

बासनो शंकर मेहरोत्रा,
सरकार के विशेष सचिव, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
बेगूसराय/पश्चिम चंपारण(बेतिया)/भागलपुर/जहानाबाद/जमुई/गया/गोपालगंज/मुजफ्फरपुर/मधेपुरा/मधुबनी/पूर्वी चम्पारण(मोतिहारी)/लखीसराय/नवादा/नालंदा(बिहारशरीफ)/ कटिहार/किशनगंज/ पटना/पूर्णियाँ/शिवहर/शेखपुरा/समस्तीपुर/सहरसा/सिवान एवं सुपौल।

पटना, दिनांक 01.7.26

विषयः— वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिए विपत्र कोड—27—2014001140003 अन्तर्गत मशीन एवं उपस्कर(52.01) विषयशीर्ष में आवंटन के संबंध में।

प्रसंगः— विभागीय पत्रांक—2041, दिनांक—10.03.2026 एवं विभागीय पत्रांक—3805, दिनांक—14.05.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रांक—3805/जे0, दिनांक—14.05.2026 द्वारा विगत वित्तीय वर्ष 2025—26 में लोक अभियोजकों के कार्यालयों के लिए विपत्र कोड—27—2014001140003 अन्तर्गत मशीन एवं उपस्कर(52.01) विषयशीर्ष में आवंटित राशि से डेस्कटॉप कम्प्यूटर, प्रिन्टर एवं यू0पी0एस0 का क्रय किया गया है अथवा नहीं, इसकी सूचना विभाग को देने का अनुरोध किया गया था, जो अब तक संसूचित नहीं है।

अतः प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि उक्त याचित सूचना विभाग को यथाशीघ्र दी जाय।

अनु0—यथोक्त।

विश्वासभाजन

B.S.Mehrotra 01-7-26

(बासनो शंकर मेहरोत्रा)
सरकार के विशेष सचिव, बिहार।

ई–मेल

पत्र संख्या–जी0/बी0टी0–30–41/2021 3805/जे0

बिहार सरकार

विधि विभाग

(63)

प्रेषक,

बासनो शंकर मेहरोत्रा,
सरकार के प्रभारी सचिव, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी, बिहार,
(अररिया, औरंगाबाद, अरवल, खगड़िया एवं रोहतास(सासाराम) को छोड़कर)।

पटना, दिनांक 14.5.26

विषयः– वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए विपत्र कोड–27–2014001140003 अन्तर्गत मशीन एवं उपस्कर(52.01) विषयशीर्ष में आवंटन के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–2041, दिनांक–10.03.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि विगत वित्तीय वर्ष 2025–26 में लोक अभियोजकों के कार्यालयों के लिए न्यायालय एवं अभियोजन कार्यो से संबंधित विभिन्न कार्यो के निष्पादन के निमित्त एक–एक डेस्कटॉप कम्प्यूटर, प्रिन्टर एवं यू0पी0एस0 का क्रय किये जाने हेतु 75,000/–(पचहत्तर हजार) रूपये के दर से संबंधित 33 समाहरणालयों को विपत्र कोड–27–2014001140003 अन्तर्गत मशीन एवं उपस्कर(52.01) विषयशीर्ष में आवंटन दिया गया था।

अनुरोध है कि विगत वर्ष में मशीन एवं उपस्कर(52.01) विषयशीर्ष में आवंटित राशि से उक्त अपेक्षित सामग्रियों का क्रय किया गया है अथवा नहीं, इसकी सूचना विभाग को दी जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

B.S. Mehrotra 13.5.26

(बासनो शंकर मेहरोत्रा)
सरकार के प्रभारी सचिव, बिहार।

ई–मेल

पत्र संख्या–जी0/बी0टी0–30–41/2021 2041 /जे0

बिहार सरकार

विधि विभाग

62

प्रेषक,

अंजनी कुमार सिंह,
सरकार के सचिव, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 10/03/2026

**विषयः–** **वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए विपत्र कोड–27–2014001140003 अन्तर्गत मशीन एवं उपस्कर(52.01) एवं कार्यालय व्यय(13.01) विषयशीर्षो में आवंटन के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **सचिव, गृह विभाग, अभियोजन निदेशालय, बिहार, पटना का पत्रांक–1555, दिनांक–18.07.2025**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि विधि विभाग द्वारा पूर्व से व्यवहार न्यायालयों के लिए वचनबद्ध विधि पदाधिकारियों यथा लोक अभियोजक/अपर लोक अभियोजक/सरकारी वकील/सहायक सरकारी वकील एवं विशेष लोक अभियोजकों के मासिक मानदेय तथा प्रतिशपथ पत्र दायर करने हेतु तथ्य विवरणी तैयार करने से संबंधित अधिवक्ताओं के विपत्रों के भुगतान के निमित्त विपत्र कोड–27–2014001140003 अन्तर्गत क्रमशः कन्सलटेन्सी(28.03) एवं विधि प्रभार(13.05) विषयशीर्षो में राज्य के सभी समाहरणालयों को आवंटन दिया जाता है।

प्रासंगिक पत्र द्वारा न्यायालय एवं अभियोजन से संबंधित विभिन्न कार्यो हेतु संबंधित विधि पदाधिकारियों को उपस्कर एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

उक्त स्थिति एवं आवश्यकता को देखते हुए लोक अभियोजक एवं सरकारी वकील के कार्यालयों के लिए 75,000/–(पचहत्तर हजार) रूपये के लागत मूल्य तक पर एक–एक डेस्कटॉप कम्प्युटर, प्रिन्टर एवं यू0पी0एस0 क्रय किये जाने हेतु आवंटन देने का विचार किया गया है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में पर्याप्त उपबंध नहीं रहने की स्थिति में खगड़िया, औरंगाबाद, अररिया, रोहतास(सासाराम) एवं अरवल को छोड़कर सम्प्रति 33 समाहरणालयों को विपत्र कोड–27–2014001140003 अन्तर्गत मशीन एवं उपस्कर(52.01)विषयशीर्ष 75,000/–(पचहत्तर हजार) रूपये के दर से आवंटन दिया जा रहा है जिससे तत्काल संबंधित लोक अभियोजकों के कार्यालयों के लिए न्यायालय एवं अभियोजन से संबंधित विभिन्न कार्यो के निष्पादन के निमित्त एक–एक डेस्कटॉप कम्प्युटर, प्रिन्टर एवं यू0पी0एस0 का क्रय किया जा सकता है। इसके साथ ही कार्यालय व्यय(13.01) विषयशीर्ष में सामान्य स्टेशनरी आदि व्यय के निमित्त 20,000/–(बीस हजार) रूपये के दर से आवंटन दिया जा रहा है। तत्संबंधी आवंटन से संबंधित विवरणी संलग्न है।

शेष लोक अभियोजकों एवं सरकारी वकीलों के कार्यालयों के लिए डेस्कटॉप कम्प्युटर, प्रिन्टर एवं यू0पी0एस0 के क्रय के निमित्त आगामी वित्तीय वर्ष में आवंटन उपलब्ध कराया जा सकेगा।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन
10.03.26
(अंजनी कुमार सिंह)
सरकार के सचिव, बिहार।

कृ0पृ0उ0

| वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के निम्न समाहरणालयों को विपत्र कोड-27-2014001140003 अन्तर्गत मशीनें एवं उपस्कर(52.01) एवं कार्यालय व्यय(13.01) विषयशीर्ष में आवंटित राशि का विवरण:- | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | समाहरणालय का नाम | मशीन एवं उपस्कर(52.01) | कार्यालय व्यय(13.01) | कुल योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | भोजपुर (आरा) | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 2 | पूर्णियाँ | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 3 | प० चम्पारण (बेतिया) | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 4 | पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 5 | सिवान | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 6 | समस्तीपुर | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 7 | सीतामढ़ी | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 8 | सहरसा | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 9 | शिवहर | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 10 | शेखपुरा | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 11 | सारण (छपरा) | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 12 | पटना | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 13 | गया | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 14 | गोपालगंज | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 15 | मुजफ्फरपुर | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 16 | मुंगेर | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 17 | मधेपुरा | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 18 | मधुबनी | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 19 | भागलपुर | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 20 | कैमूर (भभुआ) | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 21 | दरभंगा | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 22 | सुपौल | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 23 | बक्सर | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 24 | हाजीपुर (वैशाली) | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 25 | बेगूसराय | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 26 | बांका | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 27 | जहानाबाद | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 28 | जमुई | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 29 | नवादा | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 30 | नालन्दा (बिहारशरीफ) | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 31 | लखीसराय | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 32 | कटिहार | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 33 | किशनगंज | 75,000 | 20,000 | 95,000 |
| 34 | खगड़िया | ...... | 20,000 | 20,000 |
| 35 | औरंगाबाद | ...... | 20,000 | 20,000 |
| 36 | अररिया | ...... | 20,000 | 20,000 |
| 37 | रोहतास (सासाराम) | ...... | 20,000 | 20,000 |
| 38 | अरवल | ...... | 20,000 | 20,000 |